# ट्रांसपोर्ट नगर की मुख्य सड़क को बस चालकों ने बना दिया पार्किंग स्थल

## सड़क पर खड़े हैं कबाड़ वाहन, दुकानदारों ने फैलाया सामान, कभी नहीं पहुंचता नगर निगम अमला




**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, ट्रांसपोर्ट नगर के अंदर जाने वाली सड़क को बस चालको ने पार्किंग स्थल बना लिया है. अर्न्तराज्यीय चलने वाली बसे सड़क में खड़ी रहती है, इसके साथ ही कई पुराने कबाड़ वाहन भी खड़े है. जिसके चलते एक तरफ का मार्ग पूरी तरह से बंद हो चुका है और केवल एक तरफ से आने जाने वाली वाहनो के लिये रास्ता खुला है, लिहाजा जाम लगता है. नगर निगम अमला कभी भी यहा देखने नही पहुंचता है, चारो तरफ दुकानदारो ने अतिक्रमण कर रखा है.**

गौरतलब है कि ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम द्वारा प्लाट आवंटित किया है और प्रवेश द्वार से अंदर जाने वाली सड़क पर कब्जा है. अर्न्तराज्यीय बसे यही खड़ी होती है चालक बसो को सड़क पर खड़ा कर देते है. इसके साथ ही कई पुराने वाहन भी सड़क पर खड़े है जिसके कारण एक तरफ का मार्ग पूरी तरह से बंद हो चुका है. ट्रांसपोर्ट नगर में दिन भर बड़े वाहनो का आना जाना लगा रहता है, जिसके चलते जाम लगता है. कई बार व्यापारियों द्वारा शिकायत भी की गई, लेकिन नगर निगम उड़नदस्ता दल कभी भी नही पहुंचा. इसी तरह कई मार्ग में वाहन सड़को पर खड़े किये जाते है. दुकानदारो ने भी अपने प्लाट में भवन बना लिया है और दुकान का पूरा सामान सड़क पर फैला लिये है. यहा तक की मरम्मत का काम सड़क पर ही करते है. ट्रांसपोर्ट नगर के चारो तरफ जो सड़क बनी है सभी में अतिक्रमण है. मुख्य मार्ग से ही होकर खैरी बस्ती के लिये लोग निकलते है और घंटो जाम में फसे रहते है. सवाल यह उठता है कि नगर निगम अमला यहा पर कार्यवाही के लिये क्यो नही पहुंचता है. मुख्य मार्ग में डिवाइडर बना था जिसे तोड़ दिया गया है और डिवाइडर में भी दुकानदारो ने सामान रखकर कब्जा कर रखा है. अगर किसी को ट्रांसपोर्ट नगर की अंतिम छोर की दुकान पहुंचना है तो मुश्किल होता है. चारो तरफ सड़को पर कबाड़ वाहन खड़े कर दिये गये है और सड़क गायब हो गई है.

### शिल्पी प्लाजा की गैलरी अतिक्रमण की चपेट में

शिल्पी प्लाजा ए और बी ब्लाक की गैलरी अतिक्रमण की चपेट मे है जहा स्थानीय व्यापारियों ने सामान रखकर कब्जा कर रखा है. यहा तक की बाथरूम और मीटर बाक्स रूम में भी सामान रखकर गोदाम बना दिया है. दुकान के बाहर जो गैलरी है उस पर कई लोगो ने दुकाने खोल ली है. लेकिन नगर निगम कभी भी यहा कार्यवाही करने नही जाता. केवल उड़नदस्ता दल हूटर मारते हुए सड़को से गुजर जाता है पर गैलरी में किये गये अतिक्रमण को हटाने कभी भी कर्मचारी नही पहुंचते है.

### गोमती-ठेला हटाने तक सीमित नगर निगम की कार्यवाही

वार्ड 14 संजय नगर में सुलभ काम्पेलक्स के आगे अतिक्रमण कर सड़क पटरी पर रखी गई गोमतियों को तत्काल हटवाया गया. संजय गॉधी हास्पिटल गेट से लेकर धोबिया टंकी मोड़ तक ठेला, गुमटियों द्वारा अतिक्रमण कर आवागवन बाधित किया जा रहा था जिसे हटाये जाने की कार्रवाई की गई. दैनिक जागरण मोड़ से रिलायंस पेट्रोल पंप मोड़ तक सड़क पटरी खाली कराई गई. इसी के साथ जय स्तंभ चैक से अस्पताल चैराहा तक, सिरमौर चैराहा से नये बस स्टैण्ड तक सड़क पटरी खाली कराते हुये अतिक्रमण हटाया गया.



# नाट्य विधा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए : शांतनु

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, सतत संघर्ष करते रहने की जिनमें जिद होती है, सफलता उनके कदम चूमती है. आज कई विधाओं में विंध्य के सपूतों ने कठिनाइयों और बाधाओं को पार करते हुए देश में अपनी पहचान स्थापित की है.**

उक्त विचार बॉलीवुड के विख्यात कलाकार शांतनु शुक्ला ने डेज सोसायटी द्वारा आयोजित रीवा फिल्म फेस्टो कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए. रीवा से मास्को संबंध की टीम पर आयोजित इस 3 दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस जहां शोमैन राजकपूर और ही मैं धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी गई वहीं फिल्म मेरा नाम जोकर की स्क्रीनिंग की गई. विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, रंगकर्मी हिरेंद्र सिंह, मनीष मिश्रा उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शांतनु ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि विज्ञान का विद्यार्थी होने के कारण उनके माता पिता भी चाहते थे कि बेटा डॉक्टर या इंजीनियर बने. यही वजह थी कि उच्च शिक्षा के बाद उन्होंने कुछ दिन नौकरी भी की लेकिन वे खुश नहीं थे. यही वजह रही कि बनारस स्थित संस्थान में प्रवेश ले अभिनय की शिक्षा ली और फिर मंजिल की तलाश में मुंबई निकल पड़े.

मुंबई में एक लंबे अरसे संघर्ष के बाद उन्हें एक टीवी सीरियल में छोटी से भूमिका करने का अवसर मिला. कई कठिनाइयां आई पर उन्होंने हार नहीं मानी. उन्होने कहा कि नाट्य विधा को भी पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए ताकि युवाओं में शुरू से ही कला के प्रति सोच और समझ विकसित हो. इसके लिए उन्होंने सरकार से इस पर विचार करने की बात कही. शुभारंभ कार्यक्रम में प्रखर सिंह, सुभाष श्रीवास्तव, तेज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 13 दिसम्बर को सुबह 8 बजे भोपाल से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11 बजे सागर पहुंचेंगे. उप मुख्यमंत्री सागर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर एक बजे से आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए गए प्रयासों और उपलब्धियों की जानकारी देंगे. उप मुख्यमंत्री जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होने के बाद मेडिकल कालेज सागर के निर्माणाधीन इकाईयों एवं वार्डों का निरीक्षण करेंगे. उप मुख्यमंत्री शाम 5 बजे सागर से प्रस्थान कर रात 11 बजे रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे.



### यूथ कांग्रेस ने सौंपा आईजी को ज्ञापन

**रीवा,** राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के भाई को गांजा तस्करी के मामले में पकड़े जाने को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग युवक कांग्रेस द्वारा की गई है. यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अनूप चंदेल के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने रीवा जोन के आईजी को ज्ञापन सौप कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. यूथ कांग्रेस का कहना है कि हाई प्रोफाइल मामला होने के कारण राजनीतिक दबाव में मामले में लीपापोती का प्रयास हो सकता है. ऐसे में उच्च स्तरीय जांच कराई जाय. यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आई.जी. रीवा से यह भी माँग की कि इस नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए. ज्ञापन सौंपने वालों प्रदेश महासचिव पी.डी. पटेल, जिला महासचिव नीरज यादव, विधानसभा गुढ़ अध्यक्ष रोहित यादव उपस्थित रहे.

### पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन 17 को

**रीवा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश का वार्षिक सम्मेलन 17 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है. सम्मेलन के मुख्य अतिथि रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद होंगे. सम्मेलन प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन कार्यालय कोठी कंपाउंड में सुबह 10.30 बजे से आरंभ होगा. समारोह की अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी करेंगे. सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएन पयासी, देवीचरण शर्मा, सिरीष पाण्डेय, करदम ऋषि, पीसी गुप्ता, शंभू प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र पाण्डेय तथा पीपी पाण्डेय शामिल होंगे. एसोसिएशन के सभी सदस्यों से सम्मेलन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**रीवा,** जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल मंत्री पंचयत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 13 दिसम्बर को आयोजित की जा रही है. बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 10.30 बजे से आरंभ होगी. बैठक में जिले के विकास से जुड़ी दीर्घकालीन योजनाओं के संबंध में चर्चा की जाएगी. समिति के सदस्य सचिव तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.




### कोठी गांव में छात्राओं द्वारा किया गया पीआरए

**रीवा,** कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर, रीवा के डीन डॉ. एस. के. त्रिपाठी और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. अजय पांडे के मार्गदर्शन में रावे (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) कार्यक्रम के अंतर्गत कोठी गाँव में विद्यार्थियों द्वारा पीआरए (पार्टिसिपेटरी रूरल अप्रेज़ल) का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया. जिसमें गाँव के सरपंच शिव कुमार तिवारी, सहायक सचिव शत्रुघ्न पटेल तथा पीसीवो प्रदीप त्रिपाठी एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति ने प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण बनाया. कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सूचना संग्रह नहीं, बल्कि ग्रामीण समुदाय की वास्तविकताओं को उनकी ही दृष्टि से समझने का था. पीआरए की विभिन्न तकनीकों जैसे सामाजिक एवं संसाधन मैपिंग, समस्या प्राथमिकता, मौसमी विश्लेषण, तथा आवश्यकता आकलन के माध्यम से छात्राओं ने गाँव की भौतिक संपदाओं, सामाजिक संरचना, प्रमुख चुनौतियों और निवासियों की प्रकट व अप्रकट दोनों प्रकार की आवश्यकताओं का सूक्ष्म विश्लेषण किया.

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की अवधि पुन: बढ़ी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है.**

आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार अब मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन अब 23 दिसम्बर को किया जाएगा. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी रिटर्निंग आफीसर 18 दिसम्बर तक गणना पत्रक का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें. 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक अंतिम मतदाता सूची का प्रारूप तैयार कर लें. मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों तथा निर्धारित कार्यालयों में 23 दिसम्बर को होगा. मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दर्ज कराई जा सकती हैं. दावे-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा. मतदाता सूची 17 फरवरी तक अंतिम रूप से तैयार करके निर्वाचन आयोग की अनुशंसा के बाद 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा. सभी रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा बीएलओ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नए कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी कराएं.

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल और डेयरी से लिए नमूने

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, मिलावट के विरूद्ध अभियान के तहत राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मऊगंज में कार्यवाही की. होटल एवं डेयरी से मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थ के नमूने लिये गये. जिन्हे जांच के लिये भेजा गया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी.**

इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि मऊगंज में होटल और डेयरियों पर छापामार कार्यवाही करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए. देवतालाब में संजय मिष्ठान भण्डार तथा नितिन डेयरी एवं आइसक्रीम अमहा से कलाकंद और मगज के लड्डू के नमूने लिए गए. नितिन डेयरी अमहा मऊगंज से पनीर के नमूने लिए गए. इन नमूनों को केन्द्रीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में जाँच के लिए भेजा गया है. नमूने अमानक पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत प्रकरण कार्यवाही की जाएगी. सभी होटल, डेयरी और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालक केवल निर्धारित मानकों में खरे पाए गए खाद्य पदार्थ ही बिक्री करें. खाद्य पदार्थों में कसी भी तरह की मिलावट पाए जाने पर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी. यह कार्यवाही जारी रहेगी.

### नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा आज

रीवा, जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर की कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी. विद्यालय के प्राचार्य ने बताया है कि प्रवेश परीक्षा रीवा और मऊगंज के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में 20 केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी. परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, एक नीला या काला बाल प्वाइंट पेन और राइटिंग पैड लेकर आना अनिवार्य है. अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की अधिकृत वेबसाइट सीबीएसईआईटीईएमएस डॉट एनआईसी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं.

# सामूहिक दावों के निराकरण में तत्परता बरतें

**रीवा, 12 दिसम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वनाधिकार के दावे जो पुर्नपरीक्षण के उपरांत मान्य हो रहे हों उन्हे अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें.

उन्होंने कहा कि सामुदायिक दावों से समुदाय को लाभ मिलता है अत: सामुदायिक दावों के निराकरण में तत्परता बरतें. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में ग्राम कुसमानी में नलजल योजनान्तर्गत निर्मित होने वाली पानी की टंकी के लिये वन भूमि में एक हेक्टेयर की परिधि क्षेत्र में निर्माण का अनुमोदन किया गया. बैठक में प्राप्त 526 व्यक्तिगत व 2 सामुदायिक वनाधिकार दावों में 16 दावे मान्य किये गये. इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, वन मण्डलाधिकारी लोकेश निरापुरे, जिला संयोजक जनजातीय विभाग रूचि तिवारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे.

# कम प्रगति वाले एएनएम की वेतन वृद्धि रोकने कलेक्टर ने दिए निर्देश




**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले में स्वास्थ्य के सभी पैरामीटर में अग्रणी रहते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिये बीएमओ स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित भ्रमण करें. उन्होंने कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के पात्र हितग्राहियों का समय पर पंजीयन किये जाने के निर्देश दिये. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि एएनसी रजिस्ट्रेशन में प्रगति लायें तथा गर्भवती महिलाओं के नियमित चार चेकअप अनिवार्यत: किया जाना सुनिश्चित करें.

उन्होंने जवा, सिरमौर व त्योंथर में चेकअप बढ़ाने के निर्देश दिये. कलेक्टर ने महिलाओं के डीबीटी न होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि सभी की ईकेवायसी अनिवार्यत: की जाय. उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रमों के लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिये. कम प्रगति वाले एएनएमकी वेतन वृद्धि रोके जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये. जिला स्तरीय बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में शिविर लगाकर गर्भवती शत प्रतिशत महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करायें तथा मातृत्व वंदना की प्रकरणों की पूर्ति सुनिश्चित करें.

कलेक्टर ने कम प्रगति रहने पर अतरैला सेक्टर के सुपरवाइजर का वेतन रोकने के निर्देश दिये. इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डीपीओ नयन सिंह, सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला मौजूद रहे.

# लोक अदालत के बाद बकायादारों को जारी होगी कुर्की वारंट

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली. उन्होंने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की जानकारी ली तथा जोनवार डिमांड, नोटिस वितरण और वसूली प्रगति पर विस्तृत चर्चा की.**



टारगेट अनुरूप डिमांड न बंटने पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाई उन्होंने कहा कि विगत माह में वसूली का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम रहा है, जिसे लोक अदालत में अधिक से अधिक वसूली कर कवर किया जाए. साथ ही निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में बकाया राशि अधिक है, वहां अलग से वसूली दल बनाकर तेजी से प्रगति दर्ज कराएं. निगम आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि लोक अदालत के बाद भी जिन बकायादारों द्वारा बकाया जमा नहीं किया जाता एवं जिनके कुर्की वारंट जारी हैं, उनकी चल संपत्ति का मैपिंग कर जब्ती कार्रवाई की जाए. कमर्शियल एरियर्स पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि लोक अदालत तक किसी भी कमर्शियल एरियर्स की राशि लंबित न रहे. बकाया पाए जाने पर अभियान चलाकर तालाबंदी की जाए जिन वार्डों में कमर्शियल बकाया मिलेगा, संबंधित वार्ड प्रभारी के वेतन से कटौती की जाएगी. बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी मौजूद रहे.

# पुल से नीचे खाई में गिरा बाइक सवार युवक

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, मऊगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लटियार के समीप बाइक सवार युवक बाइक अनियंत्रित होने से पुल के नीचे खाई में जा गिरा. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से युवक को खाई से निकला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है.**

घटना के संबंध में स्थानीय निवासी मदन मोहन गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम तकरीबन 5 बजे तेज रफ्तार बाइक चला रहा एक व्यक्ति लटियार गांव के समीप सड़क पर बनी पुलिया से नीचे खाई में जा गिरा. जिसकी सूचना तत्काल मऊगंज पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को खाई से बाहर निकाला. बताया गया है कि बाद में बाइक सवार युवक की पहचान संगम सिंह निवासी कन्हैयाबांध के रूप में हुई है घायल अटरिया गांव से दुधमनिया की ओर बाइक से जा रहा था.

### लोक अदालत आज

**रीवा, 12 दिसम्बर,** नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर शनिवार को आयोजित है. जिसमें वर्ष 2024-25 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जाएगी. लोक अदालत का आयोजन नवीन न्यायालय भवन एवं नगर निगम कार्यालय के साथ साथ चारो जोन कार्यालयों में सुबह 10 बजे से 6 बजे तक किया जावेगा.

# दो दिन ठंड के बाद फिर उछाल में आया न्यूनतम तापमान

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 12 दिसम्बर, दो दिन कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद फिर से न्यूनतम तापमान में उछाल आया है. जिसके चलते कुछ हद तक ठंड से राहत मिली है. जिले भर में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है.**



न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पहुंच गया. जबकि दिन का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री रहा. लिहाजा दिन में भी ठंड से राहत रही और चार किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रही. जिस तरह से ठंड होनी चाहिए उस तरह से नही पड़ रही है. दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में हाड़ कपाने वाली गलन भरी ठंड शुरू हुई है. लेकिन उसके बाद तापमान में उछाल आ गया और इस समय ठंड से कुछ हद तक राहत है.

अभी कोहरा नही पड़ रहा है और शीत लहर भी नही चल रही है पर जैसे ही कोहरा और शीत लहर शुरू होगी एक बार फिर गलन भरी ठंड बढ़ेगी. नगर निगम द्वारा ठंड से राहत के लिये बस स्टैण्ड सहित 16 स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है. जहा शाम के बाद अलाव जलाया जाता है. जिस तरह से अचानक ठंड कमजोर पड़ी है उसको लेकर लोगो को लग रहा है कि अब ठंड तेज नही होगी. दरअसल दिसम्बर और जनवरी के महीने में ही ठंड ज्यादा होती है और मकर संक्रांति से कम जाती है.